
दैनिक नईदुनिया


भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित


वर्ष- 78
(भोपाल : वर्ष 39 अंक 341,पृष्ठ 12)
शनिवार 9 नवम्बर 2024
राजधानी संस्करण
कीमतः 3:00 रुपये


तापमान

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 31.5° | 16.4° |
| इंदौर | 32.6° | 18.4° |
| जबलपुर | 30.6° | 17.4° |
| ग्वालियर | 32.6° | 18.4° |


**राजधानी...** वेलनेस टूरिज्म के इको सिस्टम को विकसित करने...


**खेल...** हैदराबाद में तेलुगू टाइटान्स के प्रशंसकों के सामने...


**व्यापार...** टायरों की उम्र बढ़ाने का उपाय है हवा का सही...


**देश-विदेश...** अमेरिका में ट्रंप की जीत का जश्न तो जर्मनी में...

www.naiduniaonline.com

*केवल बैसाखियों पर ही जिंदा कांग्रेस, प्रधानमंत्री मोदी का राहुल गांधी पर वार, बोले-*

# सिर्फ दिखावे के लिए जेब में लेकर घूमते हैं संविधान की किताब

मुंबई(एजेंसी)।

**महाराष्ट्र के नासिक में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव प्रचार के पहले दिन मुझे नासिक की पुण्य भूमि पर आने का सौभाग्य मिला है।**

उन्होंने कहा कि जब अयोध्या में राम मंदिर की 500 साल की प्रतीक्षा पूरी हुई, जब प्रभु राम एक बार फिर वापस आए, तब अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा से पहले 11 दिनों के मेरे व्रत अनुष्ठान की शुरुआत यहीं नासिक से शुरू हुई थी। मुझे कालाराम मंदिर में सफाई और सेवा का अवसर भी मिला था। आज एक बार फिर विकसित महाराष्ट्र और विकसित भारत के लिए मैं नासिक का आशीर्वाद लेने आया हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारा देश नए रिकॉर्ड बना रहा है, क्योंकि आज देश में गरीबों की चिंता करने वाली सरकार है। जब गरीब आगे बढ़ता है, तभी देश आगे बढ़ता है। इतने दशकों तक कांग्रेस और उसके साथियों ने गरीबी हटाओ का नारा दिया फिर भी गरीब रोटी, कपड़ा और मकान के लिए मोहताज रहा। लेकिन बीते 10 वर्षों में देश के 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं।

उन्होंने कहा कि आज आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के प्रोजेक्ट्स में महाराष्ट्र बहुत आगे है। यहां हाई-वे, एक्सप्रेस-वे बन रहे हैं। आधुनिक तकनीकी के क्षेत्रों में यहां निवेश हो रहा है। उन्होंने कहा कि अगर कोई सरकार ये काम रोक दे, तो क्या महाराष्ट्र आगे बढ़ पाएगा, महाराष्ट्र के युवाओं को क्या रोजगार के अवसर मिल पाएंगे? अगर ये काम रूके तो महाराष्ट्र काफी पीछे छूट जाएगा। कांग्रेस और उसके साथी यही चाहते हैं, उनका यही एजेंडा है। महाराष्ट्र में कोई भी बड़ा काम होता है, तो ये लोग उसका विरोध करने आ जाते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और अघाड़ी वाले लोग देश को पीछे करने का, देश को कमजोर करने का कोई मौका नहीं छोड़ते। इन लोगों ने डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग में देश को पीछे करने के लिए क्या कुछ नहीं किया!

मोदी ने साफ तौर पर कहा कि कांग्रेस और इसके साथियों को न बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान की परवाह है, ना कोर्ट की और ना ही देश की भावना की। ये सिर्फ दिखावे के लिए जेब में संविधान की किताब लेकर घूमते हैं। ये कांग्रेस वाले ऐसे हैं, जिन्होंने 75 साल तक जम्मू-कश्मीर में बाबा साहेब के संविधान को लागू नहीं होने दिया। उन्होंने यह भी कहा कि दो दिन पहले जम्मू-कश्मीर की विधानसभा में आर्टिकल 370 को फिर से लागू करने के लिए हंगामा हुआ। ये लोग कांग्रेस और उसके सहयोगी दल चाहते हैं कि जम्मू-कश्मीर से बाबा साहेब का संविधान (शेष पेज 2 पर)

### सार्वजनिक रूप से सावरकर और बाल ठाकरे की तारीफ करके दिखाएं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी को सार्वजनिक रूप से हिंदुत्व विचारक वीडी सावरकर और शिवसेना संस्थापक बाल ठाकरे की प्रशंसा करने की चुनौती दी। मोदी, जिन्होंने चुनावी राज्य महाराष्ट्र में अपना हाई-वोल्टेज अभियान शुरू किया, ने राहुल गांधी के महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सहयोगियों को चुनौती दी। महा विकास अघाड़ी में उद्धव ठाकरे का शिवसेना भी शामिल है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कभी मराठी भाषा को अभिजात भाषा का दर्जा नहीं मिलने दिया। कांग्रेस के लोग वीर सावरकर को गाली देते हैं। महाराष्ट्र की धरती पर आकर वीर सावरकर का अपमान करते हैं। नरेंद्र मोदी ने आगे कहा कि देश और



महाराष्ट्र की राजनीति में बाला साहब ठाकरे का योगदान अतुलनीय है। लेकिन कांग्रेस नेताओं के मुंह से बाला साहब ठाकरे की प्रशंसा में एक शब्द नहीं निकलता है। मैं महाअघाड़ी में कांग्रेस के दोस्तों को ये चुनौती देता हूं। वो कांग्रेस के नेताओं से बाला साहब ठाकरे की, उनकी विचारधारा की प्रशंसा करवाकर दिखाएं। प्रधानमंत्री का निशाना उद्धव ठाकरे थे, जिनकी शिवसेना (यूबीटी) अपने संस्थापक बाल ठाकरे के दर्शन पर आधारित एक हिंदुत्व पार्टी है और सावरकर को मराठा नायक मानती है। वीडी सावरकर का नाम लेते हुए उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी भाजपा के लिए प्रेरणा थे लेकिन महाराष्ट्र में कांग्रेस ने केवल उनके साथ (शेष पेज 2 पर)

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज इंदौर में देंगे सौगातें**

# 1.29 करोड़ लाड़ली बहनों को मिलेगी 1250 रूपये की किश्त

- **सिलेंडर रीफिल के लिये 26 लाख बहनों को अंतरित करेंगे 55 करोड़**
- **55 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों के खातों में 333 करोड़ रूपये का होगा अंतरण**
- **दिव्यांगों को लेपटॉप, मोटोराइज्ड ट्राईसिकल सहित अन्य सहायक उपकरण भी करेंगे वितरित**

**भोपाल (काप्र)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 9 नवम्बर को इंदौर के नेहरू स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में लाड़ली बहना योजना, गैस रीफिल एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 2 करोड़ 10 लाख हितग्राहियों के खातें में 1961 करोड़ रूपये अंतरित करेंगे। इसमें 1 करोड़ 29 लाख लाड़ली बहनों के खातों में 1573 करोड़ रूपये, 26 लाख बहनों के खातों में सिलेंडर रीफिल की राशि 55 करोड़ रूपये और 55 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों के खातों में 333 करोड़ रूपये की राशि अंतरित की जायेगी। नेहरु स्टेडियम में 5 हजार से अधिक बालिकाओं के द्वारा तलवार चलाने के वर्ल्ड रेकार्ड बनाने का कार्यक्रम भी होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इंदौर के ढ़क्कन वाला कुँआ स्थित ग्रामीण हाट बाजार में आयोजित कार्यक्रम में इंदौर के 450 से अधिक दिव्यांगजनों को लेपटॉप, मोट्रेट ट्राईसिकल सहित अन्य सहायक उपकरण वितरित करेंगे। मुख्यमंत्री आईटीसी के कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। उनके द्वारा इंदौर जिले के 155 दिव्यांगजनों को मोटोराइज्ड ट्रॉयसाइकल, निःशक्त शिक्षा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 81 छात्र/छात्राओं को लेपटॉप, 6 दम्पतियों को मुख्यमंत्री निःशक्त विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत आर्थिक सहायता, 130 दिव्यांग वृद्धजनों को डिजिटल श्रवण यंत्र, 99 दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर, सी.पी. चेयर, बैशाखी और कैलीपर्स प्रदान की जायेगी। साथ ही कलेक्टर श्री आशीष सिंह की पहल पर तैयार किये गये दिव्यांगजनों को सशक्त पोर्टल के माध्यम से निजी क्षेत्र की कम्पनियों में चयनित 5 दिव्यांगजनों को नियुक्ति-पत्र भी सौंपेंगे। इस कार्यक्रम से प्रदेश के सभी जिला एवं संभागीय अधिकारी वर्चुअल शामिल होंगे।

### कांग्रेस और सोरेन ने रांची को करांची बनायाः डॉ यादव

**रांची(एजेंसी)।** मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शुक्रवार को झारखंड में चुनावी प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए उन्हें फुस्सी बम बताया और कहा कि उनमें दम नहीं हैं। भाजपा नेता ने सत्तारूढ़ झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन पर झारखंड की राजधानी रांची को पाकिस्तानी शहर करांची में बदलने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया, झारखंड में हिंदुओं को अत्याचार का सामना करना पड़ रहा है। यादव ने यह भी आरोप लगाया कि बांग्लादेश से घुसपैठ के कारण झारखंड में हिंदू आबादी में गिरावट के लिए झामुमो और कांग्रेस जिम्मेदार हैं। उन्होंने झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन पर बांग्लादेश से घुसपैठ को संरक्षण देने का भी आरोप (शेष पेज 2 पर)



## खास-खबरें

### सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर

**जगदलपुर(एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के दक्षिण बस्तर क्षेत्र में शुक्रवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो नक्सली मारे गए तथा उनके पास से भारी मात्रा में हथियार बरामद किया गया। दक्षिण बस्तर क्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक कमलोचन कश्यप ने बताया कि बीजापुर जिले के छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा क्षेत्र के उसूर, बासागुड़ा पामेड़ क्षेत्र में माओवादियों की उपस्थिति की सूचना पर केन्द्रीय सुरक्षा बल, कोबरा बटालियन व जिला रिजर्व पुलिस संयुक्त बल को इस इलाके में आज सबेरे भेजा गया जहां दोपहर से ही रूक-रूक गोलबारी हो रही थी।

### लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकी गिरफ्तार

**श्रीनगर(एजेंसी)।** लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े तीन आतंकी सहयोगियों को श्रीनगर में ग्रेनेड हमले में उनकी कथित संलिप्तता के लिए शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया था। इस हमले में सुरक्षा बलों को निशाना बनाया गया और 12 नागरिक घायल हो गए। पुलिस महानिरीक्षक कश्मीर जोन वीके बर्डी ने कहा कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान उसामा यासीन शेख, उमर फैयाज शेख और अफनान मंसूर शेख के रूप में की गई है। तीनों शहर के इखराजपोरा इलाके के हैं। अधिकारी ने कहा कि पुलिस ने तीन आतंकी सहयोगियों की गिरफ्तारी के साथ मामले को सुलझा लिया है।

# एएमयू विवादः सुप्रीम कोर्ट ने 1967 का अपना फैसला पलटा

**नई दिल्ली(एजेंसी)। उच्चतम न्यायालय ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय मामले में 1967 का अपना एक फैसला पलटते हुए शुक्रवार को कहा कि किसी संस्थान को सिर्फ इसलिए अल्पसंख्यक दर्जा देने से इनकार नहीं किया जा सकता कि वह संसदीय कानून द्वारा स्थापित किया गया है।**



मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सात सदस्यीय संविधान पीठ ने बहुमत के आधार पर अजीज बाशा मामले में 1967 के फैसले को खारिज कर दिया, जो अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय को कानून द्वारा बनाए जाने के कारण अल्पसंख्यक दर्जा से वंचित करने का आधार बना था। पीठ ने कहा कि अल्पसंख्यक संस्थान की स्थापना अल्पसंख्यक द्वारा की जा सकती है, लेकिन जरूरी नहीं कि उसे अल्पसंख्यक सदस्यों द्वारा ही प्रशासित किया जाए। मुख्य न्यायाधीश ने स्वयं और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति जे बी पार्दीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की ओर से बहुमत का फैसला सुनाया। हालांकि, न्यायमूर्ति सूर्य कांत, न्यायमूर्ति (शेष पेज 2 पर)

## अपराधियों का संरक्षण सपा का असली चेहराः योगी

**मुरादाबाद(एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज मुरादाबाद में आयोजित एक सार्वजनिक रैली में समाजवादी पार्टी पर तीखा वार किया। इसके साथ ही उन्होंने सपा कार्यकाल के दौरान प्रगति का विरोध करने और अराजकता को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। रैली के दौरान बोलते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी और उसके नेताओं पर कई आरोप लगाए। उन्होंने मुख्य रूप से पार्टी की दृष्टि में व्याप्त अराजकता और अपराध की संस्कृति पर जोर दिया। इसके साथ ही उन्होंने जोर देते हुए कहा कि नो कर्फ्यू, नो दंगा, यूपी में सब चंगा है।



## वक्फ के कुछ प्रावधानों से पूरा देश परेशान

**मुंबई(एजेंसी)।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज शिराला में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान शाह ने कहा कि 20 तारिख को पूरे महाराष्ट्र में मतदान होना है, और आप लोगों को इसमें निर्णायक भूमिका लेनी है। मैं डेढ़ महीने पहले महाराष्ट्र का दौरा कर रहा था। हर जगह एक ही बात है... लोग कह रहे हैं कि महायुती की सरकार बनानी है। उन्होंने कहा कि केंद्र में भाजपा की सरकार है। राज्य में एनडीए की सरकार बना दीजिए, ये दोनों मिलकर महाराष्ट्र को नंबर 1 राज्य बनाने का काम करेंगे। अमित शाह ने कहा कि भाजपा महाराष्ट्र का विकास करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम अपने इसी संकल्प पर कायम हैं। आपको आने वाले चुनाव की जिम्मेदारी लेनी होगी।



आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि विकास यात्रा जारी रहे। जम्मू कश्मीर विधानसभा में बवाल के बीच शाह ने कहा कि ये कश्मीर हमारा है या नहीं, आप हमें बताओ? धारा 370 हटनी चाहिए थी या नहीं? ये कांग्रेस, एनसीपी, नकली शिवसेना... ये कहते हैं कि कश्मीर से धारा 370 नहीं हटनी चाहिए।

## कार्यकर्ता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत हैंः केजरीवाल

**नईदिल्ली(एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में अगले साल फरवरी में होने वाले विधानसभा चुनाव से पूर्व शुक्रवार को कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत हैं। केजरीवाल ने पार्टी कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक वीडियो संदेश में उनसे (कार्यकर्ताओं) अगले दो-तीन महीने चुनावों के लिए देने का आग्रह किया और कहा कि आप 'देश के लिए एकमात्र उम्मीद' है। उन्होंने कहा, आप हमारे देश के लिए एकमात्र उम्मीद है।



**लास्ट वर्किंग डे पर सीजेआई चंद्रचूड़ का भावुक विदाई संदेश**

# कल से मैं न्याय नहीं दे पाऊंगा

**नईदिल्ली(एजेंसी)।** 8 नवंबर, भारत के मुख्य न्यायाधीश के रूप में डीवाई चंद्रचूड़ के कार्यकाल का अंतिम दिन था। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को न्यायिक सेवा से सेवानिवृत्त होने पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में औपचारिक विदाई दी गई। अपने अंतिम कार्य दिवस पर डीवाई चंद्रचूड़ ने कृतज्ञता और विनम्रता के साथ अपनी न्यायिक यात्रा पर विचार साझा किया। व्यक्तिगत विचार साझा करते हुए उन्होंने अपने सहयोगियों और कानूनी बिरादरी के सदस्यों से भरे एक अदालत कक्ष को संबोधित किया। निवर्तमान मुख्य न्यायाधीश ने उन लोगों से भी माफ़ी मांगी जो उनसे अनजाने में आहत हुए थे। 9 नवंबर, 2022 को पदभार ग्रहण करने वाले मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने अपना दो साल का कार्यकाल समाप्त होने के बाद न्यायिक सेवा को अलविदा कह दिया। उन्होंने पिछली शाम अपने रजिस्ट्रार ज्यूडिशियल के साथ एक हल्के-फुल्के पल को याद किया और साझा किया।



## कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति से होगा भ्रष्टाचार का सफायाः मुर्मु

**नईदिल्ली(एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विश्वास व्यक्त किया है कि सरकार की भ्रष्टाचार को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति भ्रष्टाचार को जड़ से समाप्त कर देगी। श्रीमती मुर्मु ने शुक्रवार को यहां सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि भारतीय समाज में ईमानदारी और अनुशासन को जीवन का आदर्श माना जाता है। लगभग 2300 साल पहले मेगस्थनीज ने भारतीय लोगों के बारे में लिखा था कि वे अनुशासनहीनता को नापसंद करते हैं और कानून का पालन करते हैं। उनके जीवन में सादगी और तपस्या सन्निहित है। फाहियान ने हमारे पूर्वजों के बारे में इसी तरह का उल्लेख किया है।



## संविधान को फाड़ कर फेंकना चाहती है भाजपाः राहुल

**लोहरदगा(एजेंसी)।** राहुल गांधी शुक्रवार को झारखंड दौरे पर हैं। जहां उन्होंने लोहरदगा और सिमडेगा में चुनावी रैली को संबोधित किया। लोहरदगा की विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड प्रदेश जल, जंगल और जमीन की लड़ाई लड़ने से बना। खासकर आदिवासियों ने जब कहा कि यहां के जंगल, खनिज से होने वाला लाभ हमें मिलना चाहिए तब जाकर ये राज्य बना। उन्होंने बीजेपी पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि ये संविधान को फाड़ कर फेंकना चाहते हैं, लेकिन हम इसे बचाना चाहते हैं। इस मौके पर उन्होंने पांच गारंटी भी दी। मौके पर राहुल गांधी ने इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जैसे ही हमारी सरकार बनेगी हम पांच गारंटी देने का वादा करते हैं। सबसे पहले महिलाओं के आकाउंट में हर माह 2500 रुपये भेजेंगे।



*प्रधानमंत्री **नरेंद्र मोदी** द्वारा स्वर्गीय रतन टाटा पर केंद्रित लेख...*

# भारत के रतन का जाना...

आज श्री रतन टाटा जी के निधन को एक महीना हो रहा है। पिछले महीने आज के ही दिन जब मुझे उनके गुजरने की खबर मिली, तो मैं उस समय आसियान समिट के लिए निकलने की तैयारी में था। रतन टाटा जी के हमसे दूर चले की जाने की वेदना अब भी मन में है। इस पीड़ा को भुला पाना आसान नहीं है। रतन टाटा जी के तौर पर भारत ने अपने एक महान सपूत को खो दिया है...एक अमूल्य रत्न को खो दिया है।

आज भी शहरों, कस्बों से लेकर गांवों तक, लोग उनकी कमी को गहराई से महसूस कर रहे हैं। हम सबका ये दुख साझा है। चाहे कोई उद्योगपति हो, उभरता हुआ उद्यमी हो या कोई प्रोफेशनल हो, हर किसी को उनके निधन से दुख हुआ है। पर्यावरण रक्षा से जुड़े लोग...समाज सेवा से जुड़े लोग भी उनके निधन से उतने ही दुखी हैं। और ये दुख हम सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि दुनिया भर में महसूस कर रहे हैं।

युवाओं के लिए, श्री रतन टाटा एक प्रेरणास्त्रोत थे। उनका जीवन, उनका व्यक्तित्व हमें याद दिलाता है कि कोई सपना ऐसा नहीं जिसे पूरा ना किया जा सके, कोई लक्ष्य ऐसा नहीं जिसे प्राप्त नहीं किया जा सके। रतन टाटा जी ने सबको सिखाया है कि विनम्र स्वभाव के साथ, दूसरों की मदद करते हुए भी सफलता पाई जा सकती है।

रतन टाटा जी, भारतीय उद्यमशीलता की बेहतरीन परंपराओं के प्रतीक थे। वो विश्वसनीयता, उत्कृष्टता और बेहतरीन सेवा जैसे मूल्यों के अडिगप्रतिनिधि थे। उनके नेतृत्व में, टाटा समूह दुनिया भर में सम्मान, ईमानदारी और विश्वसनीयता का प्रतीक बनकर नई ऊंचाइयों पर पहुंचा। इसके बावजूद, उन्होंने अपनी उपलब्धियों को पूरी विनम्रता और सहजता के साथ स्वीकार किया।

दूसरों के सपनों का खुलकर समर्थन करना, दूसरों के सपने पूरा करने में सहयोग करना, ये श्री रतन टाटा के सबसे शानदार गुणों में से एक था। हाल के वर्षों में, वो भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम का मार्गदर्शन करने और भविष्य की संभावनाओं से भरे उद्यमों में निवेश करने के लिए जाने गए। उन्होंने युवा आंत्रप्रेन्योर की आशाओं और आकांक्षाओं को समझा, साथ ही भारत के भविष्य को आकार देने की उनकी क्षमता को पहचाना।

भारत के युवाओं के प्रयासों का समर्थन करके, उन्होंने नए सपने देखने वाली नई पीढ़ी को जोखिम लेने और सीमाओं से परे जाने का हौसला दिया। उनके इस कदम ने भारत में इनोवेशन और आंत्रप्रेन्योरशिप की संस्कृति विकसित करने में बड़ी मदद की है। आने वाले दशकों में हम भारत पर इसका सकारात्मक प्रभाव जरूर देखेंगे।

रतन टाटा जी ने हमेशा बेहतरीन क्वालिटी के प्रॉडक्ट...बेहतरीन क्वालिटी की सर्विस पर जोर दिया और भारतीय उद्यमों को ग्लोबल बेंचमार्क स्थापित करने का रास्ता दिखाया। आज जब भारत 2047 तक विकसित होने के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है, तो हम ग्लोबल बेंचमार्क स्थापित करते हुए ही दुनिया में अपना परचम लहरा सकते (शेष पेज 9 पर)